दूरभाष : 8920677655
ई–मेल : cecivilmrtpvvnl@gmail.com
CIN: U31200UP2003SGC027458

कार्यालय
मुख्य अभियन्ता (जानपद)
पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि0
विक्टोरिया पार्क, मेरठ

पत्रांक : 34 /मु0अ0जा0वि0/मेरठ/अनुमोदन दिनांक 12/01/2023

कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) वितरण, मेरठ से प्राप्त एवं संस्तुत निम्नलिखित कार्य सम्बन्धी प्रस्ताव पर प्रबन्ध निदेशक महोदय द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

क्र0 सं0	जानपद खण्ड/मण्डल	टिप्पणी संख्या एवं दिनांक	कार्य का संक्षिप्त विवरण	लागत (रू0 लाख में) (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)	वित्त पोषण
1	वि0जा0वि0मं0, मेरठ	पत्रांक 25 दिनांक 07.01.2023	जिला सहारनपुर के अन्तर्गत घंटाघर, सहारनपुर परिसर में स्थित विभागीय कालोनी एवं विभिन्न विभागीय कार्यालयों के वार्षिक रख–रखाव के अनुमोदन के सम्बन्ध में।	7.68	अनुरक्षण मद
			कुल योग	**7.68**	

उपरोक्त अनुमोदन निम्न के प्रतिबन्धाधीन होगाः

1. सक्षम समिति द्वारा कार्य/क्रय के आवंटन का निर्णय आमंत्रित ई–निविदा में प्राप्त न्यूनतम दरों की औचित्यता/युक्तियुक्तता के परिपेक्ष्य में सुनिश्चित किया जायेगा।
2. क्रय/कार्य का वित्त पोषण उपरोक्त सारणी के अनुसार सुनिश्चित किया जायेगा एवं सम्बन्धित कार्य हेतु स्वीकृति अनुसार पर्याप्तता/समौचित्य सुनिश्चित किया जायेगा।
3. यह सुनिश्चित किया जायेगा कि यथा प्रदत्त अनुमोदन से अनुशंसित कार्य अथवा किसी पूर्व प्रदत्त अनुमोदन की द्विरावृत्ति नही हो रही है।
4. कार्य/क्रय की प्रगति से इस कार्यालय को भी अवगत कराना सुनिश्चित किया जायेगा।
5. कार्य का ऑकलन सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत करने के उपरान्त ही निविदा कार्य/क्रय समिति को प्रस्तुत की जाये।
6. अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) द्वारा वर्ष 2023–24 के बजट में प्राविधान सुनिश्चित किया जायें।

12/1/23
ह0/मुख्य अभियन्ता (जानपद)
12-01-23

पत्रांक : 34 /मु0अ0जा0वि0मेरठ/अनुमोदन दिनांक 12/01/2023

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। ई–मेल द्वारा

1. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद वितरण मण्डल, मेरठ को टिप्पणी तथा आदेश की छायाप्रति सहित।
2. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद वितरण खण्ड, मेरठ को टिप्पणी तथा आदेश की छायाप्रति सहित एवं इस निर्देश के साथ प्रेषित कि रख–रखाव का विधिवत रिर्कोड रखना सुनिश्चित करेंगे।

12/1/23
(रविन्द्र सिंह ढाका)
ह0/मुख्य अभियन्ता (जानपद)
12/01/2023

टिप्पणी तथा आदेश पृष्ठ ....

पत्रांक :– 25/वि0जा0वि0मं0/मेरठ दिनांक :– 07/01/23

विषय :– जिला, सहारनपुर के अन्तर्गत घंटाघर, सहारनपुर परिसर में स्थिति विभागीय कालोनी एवं विभिन्न विभागीय कार्यालयों के वार्षिक रखरखाव के अनुमोदन के सम्बन्ध में। (वर्ष 2023–24)

निदेशक (कार्मिक एवं प्रबन्धन)/निदेशक (वित्त)/प्रबन्ध निदेशक, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके संज्ञान में लाना है कि इस खण्ड के नियत्रंणाधीन घंटाघर सहारनपुर परिसर में विभागीय आफिर्सस कालोनी एवं विभिन्न विभागीय कार्यालयों के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य इस खण्ड के द्वारा किया जाना है। इसके अन्तर्गत सामान्य अनुरक्षण के कार्य जैसे नालियों/सड़को की सफाई, जल आपूर्ति हेतु पाइप लाईन की मरम्मत तथा पाईप बदलना, प्लास्टर, फर्श की मरम्मत, खिड़की दरवाजें बदलना, रंगाई–पुताई एवं मल निस्तारण इत्यादि के आवश्यक कार्य कराये जाने है। इस परिसर में वर्ष 2023–24 में सामान्य वार्षिक रख–रखाव हेतु कराये जाने वाले कार्यो पर अनुमानित व्यय निम्नवत् है :–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय (रू0 लाख में)
1.	हाईडिल कालोनी, घन्टाघर, सहारनपुर स्थित 09 नग अधिकारी आवास एवं 01 नग मुख्य अभिन्यन्ता (वितरण) सहारनपुर क्षेत्र आवास की वार्षिक मरम्मत एव रखरखाव के कार्य।	3,58,110.00
2.	हाईडिल कालोनी, घन्टाघर, सहारनपुर स्थित विभिन्न कार्यालयों (10 नग कार्यालयों) परिसर के वार्षिक मरम्मत एव रखरखाव का कार्य।	4,10,210.00
	कुल योग	**7,68,320.00**
	अर्थात	**7.68 Lac**

लोक निर्माण विभाग के आवासीय एवं अनावासीय भवनों के अनुरक्षण एवं मरम्मत दरों के अनुसार उक्त कार्य को कराने हेतु रू0 7.68 लाख (वस्तु एवं सेवाकर अतिरिक्त) का व्यय अनुमानित है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में कोई अनुरक्षण नहीं किया गया था, इस वर्ष में विशेष अनुरक्षण के अन्तर्गत कालोनी में कार्य कराये गये हैं।

अतः अनुरोध है कि उक्त विभागीय कालोनी एवं घन्टाघर परिसर के अन्तर्गत स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयो क्षेत्र के अनुरक्षण के वार्षिक रख–रखाव के कार्यो हेतु रू0 7.68 लाख (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) का प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन अनुरक्षण मद मे प्रदान करना चाहे तथा ई–निविदा आमन्त्रित करने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

07/1/23
(मुनीन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता (जानपद)
वि0जा0वि0मं0, मेरठ

07/01/23
(रचित कुमार)
उपखण्ड अधिकारी (जानपद)
वि0जा0वि0उ0ख0, सहारनपुर

प्रस्तुत
07/1/23
(रविन्द्र सिंह ढाका)
मुख्य अभियन्ता (जानपद)
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०
मेरठ

9/1/23
(एस0 के0 गुप्ता)
निदेशक (वित्त)
प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ

09.01.23
एस0 के0 पुरवार
निदेशक (का0 एवं प्र0)
प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ

प्र0 नि0
प0वि0वि0नि0लि0 मेरठ